प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद प्रतापगढ़

थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा कुल 01 किलो 280 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

अभियुक्त को थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत नोवेल स्कूल से आगे बहद ग्राम गनईडीह के पास से गिरफ्तार किया गया-

जनपद प्रतापगढ़ में पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में "ऑपरेशन प्रहार" प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सतत एवं कठोर कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री बलराम सिंह के नेतृत्व में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 रमिल कुमार मय हमराह हे0का0 सुभाष विश्वकर्मा, कां0 धीरज सिंह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत नोवेल स्कूल से आगे बहद ग्राम गनईडीह के पास से 01 अभियुक्त महेश कुमार उर्फ दिलावर पुत्र स्व० जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम खभोर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को कुल 01 किलो 280 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 54/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01-महेश कुमार उर्फ दिलावर पुत्र स्व० जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम खभोर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष।

बरामदगी- कुल 01 किलो 280 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-
01. मु0अ0स0-54/2026 धारा 8/20 NDPS ACT थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0स0156/23 धारा-60 आबकारी अधिनियम थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़।
03. मु0अ0स0 01/26 धारा 8/20 NDPS ACT थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 रमिल कुमार मय हमराह हे0का0 सुभाष विश्वकर्मा, कां0 धीरज सिंह थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

बयान-
जनपद प्रतापगढ़ में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है।

आमजन से अपील है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर — 6307363107 पर दें। आपकी पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़।
दहेज प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या के प्रकरण में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना बाघराय पुलिस द्वारा आत्महत्या प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही, 01 नामजद अभियुक्ता गिरफ्तार-

प्रतापगढ़।
वादिनी निवासी चम्पारण का पुरा, होलागढ़ जनपद प्रयागराज के पुत्र की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व थाना बाघराय क्षेत्र में हुई थी, जिसके बाद से बहू द्वारा आए दिन विवाद, गाली-गलौज व दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती थी। दिनांक 16.03.2026 को उक्त पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर उनके पुत्र ने ससुराल जाने के बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल प्रतापगढ़ से एस.आर.एन. प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना बाघराय में मु0अ0सं0 61/2026 धारा 352,108 बीएनएस बनाम 03 नामजद व वादिनी की बहु के परिवारीजन नाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्री श्रवण कुमार नेतृत्व में उ0नि0 विकाश प्रधान मय हमराह का0 अंकित कुमार मय महिला आरक्षी वैशाली सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत भिटारा कमासिन मार्गसे अंधराय की सराय कोर्रही को जाने वाले मोड के पास से मु0अ0सं0 61/26 धारा 108/352 बीएनएस थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 अभियुक्ता अंतिमा मिश्रा पुत्री हरिशंकर मिश्रा उम्र 29 वर्ष हाल पता ग्राम

अंधराय की सराय कोर्रही थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ, स्थायी पता चम्पारण का पुरवा थाना होलागढ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-
01. अंतिमा मिश्रा पुत्री हरिशंकर मिश्रा उम्र 29 वर्ष हाल पता ग्राम अंधराय की सराय कोर्रही थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ, स्थायी पता चम्पारण का पुरवा थाना होलागढ जनपद प्रयागराज।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 विकाश प्रधान मय हमराह का0 अंकित कुमार मय महिला आरक्षी वैशाली सिंह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।